राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 1 09 2017 को आयोजित बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 01 सितंबर, 2017 को प्रात: 11.30 बजे हिन्दी पखवाड़े के उद्‌घाटन से पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री के वी एस बाबा ने उत्तरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र के प्रथम तल स्थित सभागार में आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक ली जिसमें राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र व उत्तरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र के सभी वरिष्ठ अधिकारियों व सभी कार्मिकों ने भाग लिया |

नोडल अधिकारी(राजभाषा) ने सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय व सभी वरिष्ठ अधिकारियों व सभी कार्मिकों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया |

अध्यक्ष महोदय ने सर्वप्रथम सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा कार्यालय "क" क्षेत्र में स्थित है और यह हमारा संवेधानिक कर्तव्य है कि हमें 100% पत्राचार को प्राप्त करने की दिशा में सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना है जिससे वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके |

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि तकनीकी रिपोर्टों के साथ अग्रिम पत्र राजभाषा हिन्दी में भेजने की वरिष्ठ अधिकारियों की सराहना की और जिन रिपोर्टों को हिन्दी में किया जा सकता है उस पर भी कार्य करने हेतु आग्रह किया |

अध्यक्ष महोदय ने समय समय पर विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु भी अपना अनुमोदन प्रदान किया और सभी कार्मिकों को उत्साह के साथ उसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया |

इस अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा एक प्रेजेंटेशन भी अध्यक्ष महोदय को दिखाया गया जिसकी उन्होंने खुले दिल से प्रशंसा की |

इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने सभी कार्मिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राजभाषा हिन्दी में गूगल वॉइस टाइपिंग, यूनिकोड की सहायता से आसानी से कार्य किया जा सकता है और हमें राजभाषा के प्रचार प्रसार को अपना संवैधनिक कर्तव्य मानते हुए अपना कार्यालीन कार्य राजभाषा हिन्दी में करना चाहिए |

इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा विभाग की हिन्दी ई पत्रिका "ग्रिड संचालिका" के चतुर्थ अंक का इलेक्ट्रोनिकली विमोचन भी किया और कार्मिकों को इसमें और लेख, कविता, तकनीकी हिन्दी लेख भेजने हेतु सप्रेम अनुरोध किया |

अवलोकानार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
वरिष्ठ कार्यपालक सचिव एवं नोडल अधिकारी (राजभाषा)
दिनांक 06 सितंबर 2017